>

Title: Need to improve the condition of National Highways in the country - Laid.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : महोदय देश में नेशनल हाईवे की बहुत ही खराब स्थिति है, जिसके परिणामस्वरूप हमारे देश में सड़क दुर्घटनाओं में तेजी से वृद्धि हो रही है और प्रत्येक वर्ष न केवल हजारों लोग सड़क दुर्घटनाओं में मर जाते हैं बल्कि बड़ी संख्या में गंभीर रूप से घायल भी हो जाते हैं। इन दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण यह है कि नेशनल हाईवे की स्थिति ठीक नहीं है तथा जो सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, वह आमने-सामने होती हैं।

नेशनल हाईवे को वन-वे बनाये जाने की आवश्यकता है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी आ सके तथा इसके अलावा सड़क बनाने वाली अच्छी कम्पनियों को ही कॉन्ट्रेक्ट दिये जाने चाहिए एवं सरकार विदेश से इस प्रकार की तकनीकी भी विकसित करें ताकि हमारे देश में जो सड़क बनायी जाये वह कम से कम 20-25 वर्षों तक अच्छी हालत में रहे।

मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह इस बारे में समुचित कदम उठाए।

...(*Interruptions*)

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI): Sir, it seems they are opposing the discussion on Sachar Committee Report....(*Interruptions*) They are now exposed....(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House stands adjourned to meet tomorrow at 11 a.m.

15.07 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on[r2] Thursday September 6, 2007/Bhadra 15, 1929 (Saka).

Cd. by b1.e [r1]

[r2] Friday, March 10, 2000/Phalguna 20, 1921 (Saka).